हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

04 मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी कथा में...



08 गरबा पंडालों, झांकियों के दौरान यातायात और बिजली व्यवस्था...



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

राज्य स्तरीय जूडो में गुना के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

गुना। जबलपुर में 5 से 8 अक्टूबर तक आयोजित एसजीएफआई राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में गुना के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिला खेल अधिकारी ओ.पी. शर्मा एवं जूडो सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में गुना के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पदक जीते। उत्कृष्ट विद्यालय स्थित नोडल खेल केंद्र जूडो में प्रशिक्षण लेने वाले दोनों स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी जनवरी में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीम के कोच गौरव प्रताप सिंह चौहान एवं मैनेजर कृति कुशवाहा रहे। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में निशा अहिरवार (-70 किग्रा) एवं भरत रजक (-50 किग्रा) शामिल रहे। रजत पदक विवेक सोंधिया, चांदनी कोरी, चंद्रांश सोनी, देविका सेन एवं मोहम्मद साद ने प्राप्त किए। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में देव प्रजापति, हेमा कुशवाह, कमलेश भील, खुशबू कुशवाह, ऐश्वी शर्मा, मोहित मीणा एवं पूर्णिमा शर्मा शामिल हैं। प्रशांत शर्मा, कल्पना राजपूत, हेमा कुशवाहा, काजल एवं नीतू सहरिया ने भी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया।

खेत की मेड़ को लेकर विवाद, बुजुर्ग महिला पर हसिये से हमले की शिकायत

गुना। जिले के धरनावदा थाना अंतर्गत सिंगावली चौकी क्षेत्र के ग्राम धाननखेड़ी में खेत की मेड़ से मिट्टी हटाने की बात को लेकर उपजे विवाद में एक व्यक्ति ने महिला पर हसिये से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी चैनसिंह पुत्र रघुवीर धाकड़ निवासी ग्राम धाननखेड़ी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका और आरोपी लक्ष्मण का खेत पास-पास है और दोनों की मेड़ सांझी है। आरोप है कि लक्ष्मण ने खेत की मेड़ पर मिट्टी डालकर उसे ऊंचा कर दिया था। जब चैनसिंह मक्का की ट्राली भरकर ले जा रहा था और मेड़ पर अधिक मिट्टी होने के कारण उसे हटाने लगा। इस बात से नाराज होकर लक्ष्मण ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट कर दी। बेटे को बचाने आई मां राजकुमारी धाकड़ पर आरोपी ने हसिये से वार कर दिया, जो उनके दाहिने हाथ के अंगूठे पर लगा, जिससे गंभीर चोट और सूजन आ गई।

ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी का शिकार हुआ युवक

गुना। जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ऑनलाइन ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक व्यक्ति को अपनी झूठी पहचान बताकर और झांसे में लेकर साइबर ठगों ने 36,758 रुपये की ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 14 निवासी सुधीर अवस्थी पुत्र हरिशंकर अवस्थी के साथ अज्ञात ठगों ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की है। ठगों ने किसी अन्य व्यक्ति की पहचान का झांसा देकर और कूटरचित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड या दस्तावेजों का सहारा लेकर उन्हें भ्रमित किया। इसके बाद धोखे में रखकर पीड़ित के बैंक खाते से कुल 36,758 रुपये की राशि ऑनलाइन माध्यम से ट्रांसफर करवा ली गई।

अग्रसेन जयंती महोत्सव पर अग्रवाल समाज ने प्रभात फेरी निकाली

अशोकनगर। महाराजा अग्रसेन जी की 5150वी जयंती के मौके पर अशोकनगर में चार दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत रविवार की सुबह शहर में एक भव्य प्रभात फेरी निकाली गई जो कई मार्गों से होकर निकली, कई जगह प्रभात फेरी में शामिल समाज जनों का स्वागत किया गया। यह प्रभात फेरी स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज से निकाली गई, इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों के साथ साथ महिलाएं और पुरूष बड़ी संख्या में शामिल थे। सुभाषगंज से यह प्रभात फेरी स्टेशन रोड़, गांधी पार्क, आदि मार्गों से होकर निकली। इस प्रभात फेरी में पुरूष वर्ग सफेद कुर्ता पजामा और महिलाएं पीली साड़ी पहनकर शामिल हुईं। यह प्रभात फेरी बाद में आयोजन स्थल अग्रवाल पेलेस पहुंची, इस मौके पर महाराजा अग्रसेन भगवान की पूजा अर्चना की गई,आरती के आयोजन हुए, इसी मौके पर शाम की अवधि में सम्मान समारोह पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सुबह से मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर, घरों में स्थापित हुईं माता की प्रतिमाएं

शारदेय नवरात्रि शुरू, माता मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, सजे देवी दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भारतीय संस्कृति और हिंदू परंपरा में विशेष महत्व रखने वाले शारदेय नवरात्रि पर्व की शुरुआत के साथ ही शहर सहित जिलेभर में शक्ति की भक्ति का दौर शुरू हो गया है। रविवार सुबह से ही माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। भक्तों ने माता के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सार्वजनिक झांकी स्थलों पर माता की प्रतिमाएं स्थापित करने की तैयारियां भी तेज हो गईं। कई स्थानों पर प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला देर रात तक चलने की संभावना है।

मंदिरों में सुबह से लगी श्रद्धालुओं की कतारें

शारदेय नवरात्रि के पहले दिन सुबह से ही शहर के प्रमुख माता मंदिरों में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी, पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिरों में मत्था टेककर मंगल कामनाएं कीं। कई परिवारों में वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार घरों में माता की स्थापना कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई और ज्वारे बोकर नवरात्रि पूजन की शुरुआत की गई।

समय के साथ घरों के अलावा विभिन्न संस्थानों में भी माता की प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक नियमित पूजा-अर्चना करने की परंपरा बढ़ी है। इसके चलते सुबह से ही बाजारों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। लोगों ने अपनी पसंद के अनुसार माता की प्रतिमाएं खरीदीं। इसके साथ ही चुनरी, श्रृंगार सामग्री, पूजा की थाली, नारियल, फूल और अन्य पूजन सामग्री की खरीदारी भी की। नवरात्रि के अवसर पर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर माता की प्रतिमाएं स्थापित करने का सिलसिला शुरू हो गया है। कई झांकी स्थलों पर प्रतिमाएं पहले ही पहुंचा दी गई थीं, जबकि अन्य स्थानों पर स्थापना की तैयारियां जारी रहीं। माता की प्रतिमाओं को ढोल-नगाड़ों के साथ ले जाते हुए श्रद्धालु दिखाई दिए। झांकी समितियों द्वारा पंडालों की सजावट, विद्युत व्यवस्था और पूजा-अर्चना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।प्रतिमाओं की स्थापना के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। आगामी नौ दिनों तक शहर के विभिन्न झांकी स्थलों पर सुबह-शाम माता की आरती और धार्मिक आयोजन होंगे। नवरात्रि को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

शहर के प्रमुख श्रद्धा स्थलों में शामिल मां बीस भुजा देवी दरबार में भी नवरात्रि के पहले दिन सुबह से श्रद्धालु पहुंचे। मंदिर परिसर की साफ-सफाई और माता का आकर्षक श्रृंगार भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहा। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

डामर प्लांट के प्रदूषण से ग्रामीण परेशान, बच्चों ने कॉल कर विधायक से लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में सडक़ निर्माण कार्यों में ठेकेदारों की मनमानी और लापरवाही थमने का नाम नहीं ले रही है। गुना-फतेहगढ़ मार्ग पर लगाए गए एक डामर प्लांट से फैल रहे भारी प्रदूषण के कारण बरसाती सहित आसपास के कई गांवों के ग्रामीण गंभीर रूप से परेशान हैं। प्लांट से निकलने वाले जहरीले धुएं और प्रदूषण के चलते क्षेत्र में सांस लेने में तकलीफ और अन्य बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है। स्थिति इतनी विकट हो गई है कि बच्चों को इस गंभीर समस्या के खिलाफ आवाज उठानी पड़ी है। बरसाती गांव के छोटे-छोटे बच्चों ने डामर प्लांट के प्रदूषण से तंग आकर बमोरी विधायक को वीडियो कॉल किया और अपनी समस्या से अवगत कराया। बच्चों ने जनप्रतिनिधि से रोते हुए निवेदन किया कि इस डामर प्लांट को तुरंत किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि ग्रामीणों विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को प्रदूषित हवा और गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। आलम यह है कि घर की दीवारों से लेकर छत पर रखीं पानी की टंकियों पर डामर की चादर लिपट गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस प्लांट के संचालन से न केवल हवा प्रदूषित हो रही है, बल्कि लोगों का जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

चेतना समूह के 27वें शारदीय नवरात्रि साधना शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चेतना समूह, गुना द्वारा आयोजित 27वें नौ दिवसीय विशेष शारदीय नवरात्रि साधना शिविर का शुभारंभ नयापुरा स्थित ओम श्री कॉम्प्लेक्स के चेतना ध्यान कक्ष में मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। शिविर का आयोजन समूह प्रणेता भैया दिनेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।शिविर के शुभारंभ अवसर पर दिनेश अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि भारतीय संस्कृति में शक्ति आराधना का प्रमुख पर्व है। इन नौ दिनों में साधना के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक ऊर्जा के संवर्धन का अवसर मिलता है। उन्होंने मां शैलपुत्री को शक्ति की प्रथम अभिव्यक्ति बताते हुए नवरात्रि साधना के महत्व पर प्रकाश डाला।चेतना साधक विकास जैन नखराली ने बताया कि चेतना समूह द्वारा भारतीय संस्कृति और आध्यात्म से जुड़ी गतिविधियां देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ विदेशों में भी संचालित की जा रही हैं। वहीं, समूह प्रमुख पवन अग्रवाल ने बताया कि शिविर के दौरान समग्र ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। इसके साथ ही भारतीय रीति-रिवाजों, मान्यताओं और परंपराओं के वैज्ञानिक पक्ष पर आधारित व्याख्यान भी आयोजित होंगे।शिविर में पवन अग्रवाल के साथ हरि सिंह यादव, गोपाल स्वर्णकार, पंडित दिनेश शर्मा, विशाल अग्रवाल, प्रमोद दुबे, संतोष सोनी, विकास जैन नखराली, साकेत रघुवंशी, दीपक अग्रवाल, जितेंद्र धाकड़, अजय शर्मा, एमडी प्रजापति, पुरु शर्मा, हरीश शर्मा, ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, संगीता दुबे, शिवानी अग्रवाल, संगीता विजयवर्गीय, रेखा सोनी, बबीता बंसल और आयुषी अग्रवाल सहित अन्य साधक शामिल हो रहे हैं।

भैया! हमारे स्कूल की हालत बहुत खराब है... इन्हें सुधार दो न...

नवयुवक दल ने सवा लाख से ज्यादा खर्च कर संवारे दो सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



खुद के लिए तो सब जीते हैं, असली मजा तो अपनों और जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान लाने में है! कुछ इसी जज्बे के साथ बमौरी विधानसभा में अग्रवाल समाज के युवाओं ने वह कर दिखाया, जो आज पूरे समाज और क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन गया है। दरअसल, अग्रसेन महोत्सव से पहले आयोजित एक कार्यक्रम में जब बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे, तो उन्होंने युवाओं के सामने एक छोटी सी लेकिन बेहद गहरी बात रखी। समाज के युवाओं को आदिवासी, गरीब और वंचित वर्गों के लिए कुछ करना चाहिए। विधायक की यह बात युवाओं के दिलों में ऐसी उतरी कि उन्होंने महफिल की शोभा बढ़ाने के बजाय सीधे जमीन पर उतरकर इतिहास रचने की ठान ली। युवाओं ने काफी विचार-विमर्श के बाद बमौरी विधानसभा क्षेत्र के दो सरकारी स्कूल शासकीय प्राथमिक विद्यालय माढ़ई और शासकीय प्राथमिक विद्यालय तारापुर को जीर्णोद्धार को चुना। बाहर से देखने पर ये स्कूल किसी सुनसान खंडहर की तरह नजर आते थे, जहाँ बच्चों का बैठना भी दूभर था। लेकिन 25 सितंबर से शुरू हुआ बदलाव किसी जादू से कम नहीं था। युवाओं ने कमर कसकर स्कूलों की छतों की मरम्मत कराई, शानदार रंग-रोगन करवाया और चप्पे-चप्पे की विशेष साफ-सफाई की। लगभग सवा लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर इन दोनों सरकारी स्कूलों की तस्वीर पूरी तरह बदल दी गई। आज ये स्कूल किसी महंगे प्राइवेट स्कूल को भी मात दे रहे हैं। सेवा का यह सफर यहीं नहीं रुका। इन नौजवानों का खुलापन और निस्वार्थ भाव देखकर स्कूल के बच्चे इतने घुल-मिल गए कि उन्होंने मासूमियत भरा आग्रह कर डाला... भैया, स्कूलों की मरम्मत तो हो गई, अब इन अतिरिक्त कक्षों को भी नया जैसा चमका दो! बच्चों की इस प्यारी सी मनुहार को इन युवाओं ने टालना तो दूर, सर्वोपरि माना। नतीजा यह हुआ कि तुरंत अतिरिक्त कक्षों की भी रंगाई-पुताई और मरम्मत करवा दी गई।इस नेक और सेवाभावी कार्य को महाराजा श्री अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में समर्पित किया गया है। इस पूरी मुहिम को सफल बनाने में अग्रवाल समाज नवयुवक दल के प्रमुख चेहरों दीपक मंगल, अनिल बिंदल, अनिरूद्ध बिंदल, हृदेश अग्रवाल, चन्द्र कुमार, राजीव अग्रवाल, जलज अग्रवाल, ध्रुव जैन, अक्षय मंगल, दिव्यांग मंगल, भूपेंद्र अग्रवाल, रिदम बिंदल, अमित गोयल और दीपक अग्रवाल समेत तमाम सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान दिया।

झागर पुलिस चौकी क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, किसान की 18 बीघा मक्का की फसल जलकर खाक

गुना। जिले की झागर पुलिस चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम धाननखेड़ी में एक किसान की तैयार मक्का की फसल में अचानक भीषण आग लग गई। इस अचानक हुई आगजनी में किसान की 18 बीघा खेत में रखी मक्का की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे पीड़ित किसान को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचा है। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है। पीड़ित किसान ने झागर चौकी में लिखित आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और मुआवजे की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित किसान जमनालाल धाकड़ निवासी धाननखेड़ी गत दिवस को अपने पिता के इलाज के सिलसिले में कोटा (राजस्थान) गए हुए थे। इसी दौरान दोपहर करीब 2 बजे गांव के ही मोंटी साहू ने फोन कर उन्हें खेत में आग लगने की सूचना दी। खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण भागकर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग पूरे खेत में फैल चुकी थी। ग्रामीणों के प्रयास से आग तो शांत हो गई।

दर्दनाक हादसा: गिट्टी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से उसके नीचे दबकर मजदूर की मौत

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पुरालुहारी के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। वाहन के नीचे दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फरियादी मांगीलाल पुत्र स्व. मेहरजी भील निवासी पुरालुहारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके बेटे पप्पू भील को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुटी स्वीकृत हुई थी। उसी के निर्माण कार्य के लिए पप्पू भील, गांव के मुकेश भील के साथ लक्ष्मण भील के ट्रैक्टर क्रमांक आरजे 28-4528 से सिमरानिया गिट्टी लेने गए थे। ग्राम पुरालुहारी के पास लालचंद भील के खेत के समीप तेज और लापरवाही से चलाए जाने के कारण ट्रैक्टर का अचानक संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई।

स्वास्थ्य शिविर: 116 से अधिक महिलाओं का हुआ परीक्षण पांच जिलों से पहुंच रहे मरीज



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत द्वारा शुरू की गई निःशुल्क चिकित्सा सेवा जरूरतमंद महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। इस पहल के तहत प्रत्येक रविवार को महिलाओं की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार निःशुल्क किया जाता है। वहीं गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिलाओं को आवश्यक जांच और दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इस जनसेवी पहल से अब तक हजारों महिलाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। इस सेवा का लाभ राजगढ़ जिले के पचोर निवासी 60 वर्षीय शीला बाई को भी मिला। वे बच्चेदानी की गंभीर बीमारी से परेशान थीं। परिचित के माध्यम से उन्हें गुना के डॉ. सतीश राजपूत के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने उपचार शुरू कराया। लगभग चार सप्ताह के उपचार से उन्हें काफी राहत मिली। शीला बाई के पास बीपीएल कार्ड होने के कारण डॉ. राजपूत ने उनकी आवश्यक जांच और दवाओं की व्यवस्था निःशुल्क की। उपचार से राहत मिलने पर शीला बाई ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे डॉक्टर हर जिले में होने चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को भी बेहतर इलाज मिल सके। रविवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 116 से अधिक महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में गुना के साथ शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा और राजगढ़ जिलों से महिलाएं पहुंचीं।

पुरानी गल्ला मंडी में बारात के स्वागत से लेकर कन्यादान तक के प्रसंगों ने मोहा मन

राम विवाह की लीला देख भावविभोर हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



सार्वजनिक श्री रामलीला एवं दशहरा पर्व समिति, पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वावधान में आयोजित रामलीला के पांचवें दिन श्रीराम-जानकी विवाह की लीला का सुंदर एवं मनमोहक मंचन किया गया। भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह प्रसंग को देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। विवाह समारोह के दौरान मंगल गीतों और जय श्रीराम के जयकारों से पूरा रामलीला पंडाल भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में नगरवासी एवं श्रद्धालु लीला देखने पहुंचे।

रामलीला के मंचन में राजा जनक द्वारा भेजी गई विवाह की पत्रिका पढ़ते ही राजा दशरथ प्रसन्नता से झूम उठे। इसके बाद उन्होंने भरत, शत्रुघ्न, गुरु वशिष्ठ, कुल पुरोहित, परिवारजनों और नगरवासियों के साथ भगवान श्रीराम की बारात की तैयारियां शुरू कीं। हाथी, घोड़े और रथों से सजी बारात ढोल-धमाकों एवं बैंड-बाजे के साथ जनकपुर के लिए रवाना हुई। बारात के आगमन पर राजा जनक ने बारातियों का भव्य स्वागत किया। विवाह की पारंपरिक रस्मों के मंचन ने दर्शकों को आकर्षित किया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ श्रीराम-जानकी विवाह

जनकपुर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह की रस्में संपन्न हुईं। राजा जनक ने भगवान श्रीराम और माता सीता के चरण पखारे तथा कन्यादान कर विवाह की रस्म पूरी की। इस दौरान मंगल गीत गाए गए और श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए। विवाह प्रसंग के मंचन ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दर्शकों ने कलाकारों के अभिनय की सराहना की। रामलीला में भगवान श्रीराम का अभिनय पुरुषोत्तम धाकड़, माता सीता का ओम यादव, लक्ष्मण का वैभव भार्गव, राजा जनक का रघुवीर ओझा, राजा दशरथ का रमेश जैन, गुरु वशिष्ठ का सुल्तान यादव, रानी सुनैना का राम सिंह धाकड़, सखी का जमनालाल कुशवाह, विश्वामित्र का राजीव शर्मा तथा शतानंद का अभिनय कुलदीप ने किया। बारातियों की भूमिका में रवि केवट, रुद्र भार्गव, राजू धाकड़, राजकुमार, विराट केवट, दिनेश सेन और मोनू जोगी सहित अन्य कलाकारों ने सहभागिता की। कलाकारों ने अपने अभिनय से विवाह प्रसंग को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में समिति संयोजक गोविंद सोनी, अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष रामदयाल कुशवाह, सचिव विजय पटेरिया, कोषाध्यक्ष अतिवीर जैन, निर्देशक पुरुषोत्तम धाकड़, मीडिया प्रभारी योगेश लोधा, अनिल जैन (रूपश्री), डॉ. अनिल जैन, प्रमोद अग्रवाल, ब्रजेश राठौर, दीपक सोनी और शिक्षक दामोदर शर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना का 48वां स्थापना दिवस मनाया



चांचौड़ा। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला गुना का 48वां स्थापना दिवस जिला अध्यक्ष कृष्ण गोपाल मीना की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गुना के सेमिनार हॉल में मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख धर्मस्वरूप भार्गव मुख्य वक्ता तथा संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिंह सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वक्ताओं ने संघ की स्थापना, कर्मचारी एकता और अधिकारी-कर्मचारी हितों के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 30 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव संतोष सिंह परिहार ने किया तथा आभार जिला कोषाध्यक्ष संतोष सक्सैना ने व्यक्त किया। समारोह में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

चाचौड़ा विधानसभा में सत्य सनातन धर्म यात्रा का होगा भव्य स्वागत



चांचौड़ा। उज्जैन से दशहरा पर्व 20 अक्टूबर को प्रारंभ होने वाली सत्य सनातन धर्म यात्रा 1 नवंबर को चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री दिविजय सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही इस यात्रा के स्वागत को लेकर क्षेत्र के रामभक्तों एवं सनातन धर्मावलंबियों में उत्साह का माहौल है। यात्रा के चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर विभिन्न ग्रामों में भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं। यात्रा 1 नवंबर को ग्राम मनोरखेड़ी-मुरैला पहुंचेगी, जहां चाचौड़ा क्षेत्र के रामभक्तों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद यात्रा नयापुरा होते हुए गौशाला पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन 2 नवंबर को यात्रा कालापीपल, नेसकला, कुड़ालिया और अमासेर होते हुए गुंजारी पहुंचेगी। यहां से दुदला स्थित गणेश मंदिर में दर्शन करने के बाद यात्रा चाचौड़ा की ऐतिहासिक चंपावती नगरी में प्रवेश करेगी। यात्रा के मार्ग में आने वाले ग्रामों में तैयारियों और स्वागत की व्यवस्थाओं को लेकर आयोजन से जुड़े लोगों की टीम ने ग्रामीणों से संपर्क कर चर्चा की। इस दौरान ग्रामवासियों से यात्रा के स्वागत में सहभागिता निभाने की अपील की गई।आयोजकों के अनुसार, चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में सत्य सनातन धर्म यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत करने की तैयारी है। यात्रा के माध्यम से सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का संदेश दिया जाएगा।

सब्जी मंडी और झील के पास सड़क पर लगाई गई दुकानों को स्वयं हटाने के निर्देश

अधिकारियों ने दुकानदारों को दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और आम नागरिकों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत दिलाने के लिए नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में शनिवार सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद कुमार बरुआ नगर भ्रमण पर निकले। इस दौरान उन्होंने बीनागंज-रोड स्थित सब्जी मंडी और झील के पास सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित दुकानदारों को दो दिन के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने निर्देश दिए।

नगर भ्रमण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर दुकानें लगाकर किए गए अतिक्रमण का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें समझाइश दी कि सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने से यातायात प्रभावित होता है तथा आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दुकानदारों से निर्धारित समय सीमा में अपनी दुकानें एवं अस्थायी अतिक्रमण स्वयं हटाने का आग्रह किया। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। यदि इस अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है, तो नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंचकर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगी। इसके बाद अतिक्रमण हटाने के दौरान होने वाली कार्रवाई की जिम्मेदारी दुकानदारों की होगी।

सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करने की पहल

नगर परिषद की इस पहल का मुख्य उद्देश्य शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाना, यातायात व्यवस्था को बेहतर करना और आमजन के लिए आवागमन सुगम बनाना है। सड़क किनारे अनियंत्रित तरीके से दुकानें लगने के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में नगर परिषद ने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने की बात कही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आम नागरिकों को परेशानी हो। नगर परिषद की ओर से दी गई समय सीमा पूरी होने के बाद अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित दुकानदार स्वयं अतिक्रमण हटाते हैं या परिषद को कार्रवाई करनी पड़ती है।

समय सीमा के बाद नगर परिषद करेगी कार्रवाई

नगर परिषद द्वारा फिलहाल दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया है। निर्धारित दो दिन की अवधि समाप्त होने के बाद भी यदि अतिक्रमण बरकरार रहता है, तो परिषद की टीम कार्रवाई कर सकती है। इस अभियान से सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने और शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की उम्मीद है।

लापता बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया

गुना। जिले में नाबालिग बालक-बालिकाओं की गुमशुदगी एवं अपहरण के मामलों में त्वरित कार्रवाई के तहत कैंट थाना पुलिस ने 15 वर्षीय लापता बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार, 4-5 अक्टूबर 2026 की मध्यरात्रि में कैंट थाना क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका लापता हो गई थी। 5 अक्टूबर को बालिका के पिता ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अप.क्र. 895/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने बालिका की तलाश के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और तकनीकी संसाधनों की मदद से संभावित स्थानों पर खोजबीन की। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया।

मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी कथा में सुनाया निस्वार्थ प्रेम का प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



शिव टेकरी के पास स्थित नामदेव धर्मशाला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास आचार्य पंडित मुकेश पारीक (भानपुरा वाले, बीनागंज) ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि सच्ची मित्रता निस्वार्थ प्रेम, विश्वास और समर्पण पर आधारित होती है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता इसका अनुपम उदाहरण है। इस प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। आचार्य पारीक ने कहा कि सुदामा जी आर्थिक रूप से गरीब होने के बावजूद भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट प्रेम और सच्ची भक्ति रखते थे। उन्होंने कभी भगवान से धन-दौलत की याचना नहीं की, बल्कि उनकी भक्ति को ही अपने जीवन का आधार बनाया। कलियुग में भगवान की कथा का श्रवण और उनका भजन ही मनुष्य को भवसागर से पार लगाने का श्रेष्ठ माध्यम है। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर राजा परीक्षित ने अपने जीवन में मोक्ष प्राप्त किया। कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा के आयोजक डॉ. श्री रामस्वरूप मीना एवं उनके सुपुत्र श्री रत्नेशी मीना, बरखेड़ा वाले ने कथा में पधारे अतिथियों और श्रद्धालुओं का भावपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत छात्राओं ने दिया स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश

गुना। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद् गुना द्वारा शहर में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संचय के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 16 स्थित शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय, गुना में रंगोली, चित्रकला, कबाड़ से कला, जुगाड़ प्रतियोगिता, स्वच्छता की पाठशाला एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। सीएमओ शैलेश अवस्थी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद् गुना की सहयोगी स्वच्छता संस्था सिद्धिविनायक वेस्ट मैनेजमेंट सर्विसेज की टीम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

RBSK से मिला नया जीवन, 5 माह के अयांश की मुंबई में सफल हार्ट सर्जरी

गुना। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के माध्यम से 5 माह के अयांश को हृदय रोग के उपचार की सुविधा मिली। मुंबई के एस.आर.सी.सी. अस्पताल में 12 अगस्त 2026 को उसकी हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। उपचार के बाद 26 अगस्त को अयांश स्वस्थ होकर घर लौट आया। अयांश के तीन माह का होने पर वह बार-बार बीमार रहने लगा। जांच कराने पर पता चला कि उसके दिल में छेद है। इसके बाद उसके मामा प्रदुमन मीणा ने उपचार के लिए प्रयास शुरू किए। डॉ. अजय गुप्ता के मार्गदर्शन में अयांश को जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (DEIC) भेजा गया। यहां जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक विनीता सोनी ने परिजनों को उपचार प्रक्रिया और शासन की सुविधाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत अयांश को मुंबई के एस.आर.सी.सी. अस्पताल में उपचार के लिए रेफर किया गया, जहां उसका ऑपरेशन और उपचार निःशुल्क हुआ।

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में केसर भवन में बाल मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज कुंभराज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में केसर भवन में महिला मंडल के तत्वावधान में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाईं और अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।बाल मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बना। बच्चों ने स्वयं दुकानों का संचालन करते हुए व्यवहारिक ज्ञान, आत्मनिर्भरता और व्यापारिक कौशल का परिचय दिया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को नई गतिविधियों से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।महाराजा अग्रसेन के आदर्शों एवं सिद्धांतों से प्रेरणा लेते हुए अग्रवाल समाज कुंभराज द्वारा बच्चों में जागरूकता लाने तथा उन्हें सामाजिक और व्यावहारिक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। समाज का मानना है कि बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्यों और व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे भविष्य में समाज और राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे सकें।अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित यह बाल मेला बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ सीखने का भी एक अच्छा माध्यम बना।

चल समारोह निकालकर पंडालों तक पहुंचाई मूर्तियां

घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति में डूबे भक्त, जगह-जगह पंडालों में विराजीं माताराणी



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शारदीय नवरात्रि पर्व पर रविवार को देवी मंदिरों और घरों में अभिजित मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शक्ति की भक्ति और उपासना शुरू हो गई और श्रद्धालु मां की भक्ति में तल्लीन हो गए। शहर में बैंडबाजे के साथ चल समारोह निकालकर डेढ़ दर्जन से अधिक स्थानों पर सजे पांडालों में विधिविधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। दुर्गा पांडालों में आरती के समय दर्शनार्थियों की खासी भीड़ जुटी। इसके साथ ही नवरात्रि के दौरान अध्यात्म और भक्ति की बयार के बीच आकर्षक झांकियां, जगराते, सांस्कृतिक कार्यक्रम और डांडिया नृत्यों की धूम शुरू हो जाएगी। उधर श्रद्धालु भी शक्ति की भक्ति में लीन हो गए है। शहर में नवरात्रि प्रतिपदा पर दुर्गा प्रतिमाओं के चल समारोह के लिए विभिन्न मोहल्ला समितियों की ओर से सुबह जल्दी ही तैयारियां शुरू कर दी गईं। देवी प्रतिमाओं को जहां से चल समारोह निकाला जाना था पहले वहां पहुंचाया। बाद में बैण्डबाजों के साथ चल समारोह निकलने शुरू हो गए। चल समारोह में रंग-गुलाल उड़ाते और बैंडबाजों की मधुर धुनों पर झूमते-नाचते देवी के भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रमुख मार्गों से होते हुए चल समारोह अपने-अपने पांडालों में पहुंचे। जहां पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समिति के पदाधिकारियों ने विधिविधान से दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की और पूजा-अर्चना के साथ आरती उतारी।

श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर दुर्गा सप्तशती पाठ कर कलश पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा रविवार को अभिजीत मुहूर्त में दुर्गा सप्तशती पाठ की पोथी का विद्वत पांच उपचार से पूजन करके कन्याओं द्वारा कलश पूजन किया गया। इस अवसर पर सप्तशती पाठ का प्रारंभ प्रथम दिवस पर मां शैलपुत्री का ध्यान करके पांच कन्याओं का विधिवत पूजन कर किया गया तथा उनका तिलक चंदन अक्षत लगाकर कलशों की पूजन की घट स्थापना की गई। पाठ के माध्यम से उन्होंने बताया कि यहां पर मध्य चरित का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाठ पूजन किया जाएगा। मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में शैलपुत्री के नाम से जानी जाती है, यह माता पर्वतराज हिमालय के यहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण उनका शैलपुत्री नाम पड़ा था। बैल पर स्थित इन माता जी के दहाने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल पुष्प में यही नवदुर्गा में प्रथम दुर्गा है। इस प्रथम दिन की उपासना में योगी अपने मन को मूलाधार चक्र में स्थित करती हैं यहीं से उनकी योग साधना का प्रारंभ हो जाता है। इसके बाद हवन किया गया रात्रि में मां दुर्गा के विग्रह का श्रृंगार होकर महा आरती की की गई।

धोखाधड़ी पूर्वक डेढ़ लाख का फ्रॉड किया

अशोकनगर। सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत शिवम छाबड़ा निवासी घोसी मोहल्ला अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने एयू बैंक का एमडी बनकर डेढ़ लाख रूपए का फ्रॉड किया है, जिसके पर से पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

महिला अधिवेशन में अशोकनगर शाखा ने कई पुरस्कार जीते



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतीय श्रवण संस्कृति श्री सुधा सागर महिला समिति का 31वां राष्ट्रीय अधिवेशन मध्यप्रदेश के महानगर इन्दौर में आयोजित किया गया। इस अधिवेशन में पहली बार अशोकनगर इकाई शामिल हुई। इस मौके पर अशोकनगर इकाई ने बैनर प्रजेंटेशन और रंगोली में पुरूस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। इस अधिवेशन में देशभर से 100 से अधिक इकाईयों ने भाग लिया था, सभी इकाइयों द्वारा अपनी अपनी प्रस्तुती प्रदान की गई। अशोकनगर महिला इकाई द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के मूक माटी महाग्रन्थ की झांकी का प्रस्तुतिकरण सुंदर ढंग से किया गया। यह इकाइयों का चल समारोह इन्दौर कई मार्गो से गुजरा, जगह जगह अनेक संस्थाओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इन्दौर की धरती महिलाओं की शानदार प्रस्तुती का स्वागत करते हुए नजर आई। सड़कों के दोनों ओर श्रद्धालुओं का और चल समारोह देखने वालों का तांता लगा रहा।

महिला जैन मिलन के आयोजन में समाजजन शामिल हुए, कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



महिला जैन मिलन द्वारा क्षमा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर गणमान्य नागरिक और समाज जन शामिल हुए। इस आयोजन में कईं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जैन मिलन की अध्यक्ष श्वेता जैन भोपाली ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरूआत जैन भवन में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन से की गई। जिसमें राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ,राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री महेंद्र कडेसरा एवं श्वेताम्बर जैन श्री संघ के अध्यक्ष राजेंद्र कोचर,सुनील कोठारी,विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अंकित बड़कुल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन,निर्मल मिर्ची तथा अन्य अतिथियों ने किया। महावीर प्रार्थना के उपरांत बच्चियों ने मंगलाचरण में सुंदर नृत्य किया। सभी अतिथियों को तिलक लगाकर सम्मान पट्टिका पहनाई गई।

भारतीय जैन मिलन के निर्देश पर माउंट किडजी स्कूल में कराई गई। जैन सम्राट गौरव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम पुरस्कार विजेता ऋषिराज जैन,द्वितीय पुरुस्कार विजेता प्रांजल पालीवाल, तृतीय पुरुस्कार विजेता सान्वी चैधरी एवं काव्य जैन तथा स्कूल के प्रिंसिपल कमल कश्यप एवं बबली रघुवंशी को सम्मान प्रतीक देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि सुभाष जैन कैंची ने आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं सभी को क्षमा करते हुए प्राणी मात्र से क्षमा मांगी। नरेश जैन ने सम्बोधित करते हुए क्षमा के महत्व को दर्शाया तथा भारतीय जैन मिलन आंदोलन में महिला जैन मिलन की भूमिका की सराहना की। अनेकों वक्ताओं ने भाषण के माध्यम से क्षमा का महत्व प्रतिपादित किया। मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने महिला जैन मिलन के कार्यो की सराहना करते हुए जैन धर्म मे क्षमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से क्षमा मांगी। कार्यक्रम में सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं पत्रकार बन्धुओ को सम्मानित किया गया। रजत ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने सुस्वाद भोजन का आनंद लिया।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

सागर । जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र दिनांक 6 फरवरी 2026 के संदर्भ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक मध्यप्रदेश में संपादित किया जा चुका है, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 में की जानी है। इस कार्य को समय पर संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। इसी अनुक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष सागर में आयोजित किया गया है, जिसमें अनामिका जैन एवं पवन कुमार मिश्रा भोपाल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 12 एवं 13 अक्टूबर को जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं जिला कार्यालय के जनगणना लिपिक के साथ-साथ चार्ज अधिकारी ग्रामीण के रूप में समस्त तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी ग्रामीण, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना तथा चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पहले ही दिन से कुमकुम और चंदन की थाली सजाकर माता की भक्ति प्रारंभ की

नवरात्रि पर्व की घटस्थापना से शुरुआत, शीतला माता के दरबार में महिलाएं अभिषेक करने पहुंचीं





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नवरात्रि महापर्व की शुरुआत घटस्थापना से की गई। रविवार को सुबह की भोर में हजारों महिलाएं शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने पहुंचीं। यह पर्व आस्था, भक्ति और श्रद्धा का पर्व है। इस पर्व पर मां की आराधना भक्ति भाव से प्रारंभ हो गई है। शहर में झांकी स्थलों तक माता की प्रतिमाएं लाने का भक्ति भाव से आयोजन चलता रहा। घट स्थापना के साथ शुभ मुहूर्त में माता की स्थापना की गई। इस दौरान नांचते गाते हुए माता के भक्त प्रतिमाओं को ले जाते हुए देखे गए। झांकी स्थलों पर दरवारों को सजाया गया। नवरात्रि पर्व पर यह झांकियां श्रद्धालुओं के लिए आर्कषण का केन्द्र होगीं। घर-घर द्वार-द्वार रंगोलियां संजाई जा रही हैं। माता की भक्ति की जा रही है। देवी मां की आराधना का उल्लास अब शहर में प्रारंभ हो गया है।

शीतला मां के दरबार में हजारों महिलाएं पहले दिन पहुंचीं

उधर दूसरी ओर शहर में शीतला माता के दरबार में हजारों महिलाएं सुबह की भोर में जल चढ़ाने पहुंचीं और माता का अभिषेक किया गया। यह आयोजन लगातार नौ दिनों तक चलेगा। नवरात्रि का पर्व खुशी और उत्साह का संदेश लेकर आता है यह पर्व घर में खुशहाली संपन्नता और देवी मां की आराधना से शक्ति प्राप्त करने का पर्व है। इसी पर्व को लेकर जन समूह में अपार उत्साह लोगों में देखा जा रहा है। आस्था, कुमकुम और पूजा के थाल आज से लगना प्रारंभ हो गए हैं।



यह पर्व अशोकनगर शहर में सबसे बड़े स्तर पर मनाया जाता है। अशोकनगर शहर में नवरात्रि के पहले दिन से शीतला माता के दरबार में जल अर्पित करने के लिए महिलाएं पहुंचना प्रारंभ होती हैं।

30 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन पहुंच रही माता के दरबार में

30 हजार से अधिक महिलाएं प्रतिदिन माता का अभिषेक करने के लिए पहुंचती हैं। सुबह की भोर में 4 बजे से महिलाएं अपने घर से निकलना प्रारंभ करती हैं जो दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम चलता रहता है। महिलाओं की भीड़ इतनी रहती है की गिनती कर पाना मुश्किल है सारे वर्गों की महिलाएं यहां पहुंचती है और माता को जल अर्पित करती है। शीतला माता का दरबार माता की आराधना और भक्ति के साथ प्रारंभ होता है। यह माता यहां के लिए शुभ संदेश लेकर आती है, कोई भी मंगलकारी पर्व हो, सबसे पहले शीतला माता के दरबार में ही जाकर पूजा अर्चना की जाती है। यहां शीतला माता के दरबार के साथ अनेक मंदिर है यहां भी महिलाएं जल अर्पित करती हैं। महिलाएं अपने घरों से पात्रों में जल लेकर पहुंचती है और कई महिलाएं इस स्थान पर शुद्ध जल लेकर अर्पित करती हैं। शीतला माता का दरबार यहां की सबसे बड़ी देवी मां का दरबार है जो अत्यंत मंगलकारी और शुभकारी है।

शहर में 100 से अधिक स्थानों पर देवी मां की झांकियां सजी

शहर में 100 से अधिक स्थानों पर देवी मां की झांकियां लगी हैं। इन झांकियां में माता के दरबार सजाए जा रहे हैं अनेक स्थानों पर माता की प्रतिमाएं भक्ति भाव से लाई गई और शुभ मुहूर्त में देवी मां की स्थापना की गई। पूरा शहर दुल्हन की तरह सज रहा है शहर के गली मोहल्ले और चैराहे माता की भक्ति में डूबना आरंभ हो गए हैं। शहर माता की भक्ति के लिए सज धज कर तैयार है गरबा के लिए भी महिला संगठन पूरी तैयारी के साथ लगे हैं। जिसमें माता की आराधना की जाएगी।

विद्युत संविदा कर्मचारियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाईज एवं इंजीनियर्स के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विद्युत विभाग में लंबे समय से सेवाएं दे रहे संविदा कर्मचारियों के विभागीय परीक्षा के माध्यम से नियमितीकरण की प्रक्रिया में हो रही देरी के विरोध में मुंगावली के विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव एवं अशोकनगर के विधायक इंजी. हरिबाबू राय को विद्युत संविदा कर्मचारियों द्वारा उनके निवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

संविदा बिजली कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार और विभाग उनकी सुध नहीं ले रहा है और उन्हें नियमित करने को लेकर कोई गंभीर कदम नहीं उठाया जा रहा है। संगठन सचिव मुकेश जैन का कहना है कि गत 24 जुलाई को बिजली विभाग की ओर से एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया गया था, लेकिन इतने दिन बीत जाने के बाद भी नियमितीकरण की प्रक्रिया धरातल पर शुरू नहीं की गई है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि वे विभागीय परीक्षा देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इसके बावजूद उनके नियमितीकरण की प्रक्रिया को लटकाया जा रहा है। उनका साफ आरोप है कि सरकार इन कर्मचारियों को नियमित करना ही नहीं चाहती है।

दीपावली से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

सरकार और विभाग के रवैये से नाराज बिजली संविदा कर्मचारियों ने अब आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है। यूनाइटेड फोरम के संगठन सचिव मुकेश जैन के अनुसार यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो प्रदेशभर के बिजली संविदा कर्मचारी आने वाली दीपावली के ठीक पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

पिपरई में किसान के मक्का खेत में लगी आग, फसल जलकर नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



नगर के गरेठी रोड स्थित किसान नीरज पटेल के मक्का के खेत में अचानक आग लगने से फसल को नुकसान हुआ है। खेत में करीब तीन बीघा जमीन पर मक्का की फसल खड़ी थी, जबकि कुछ फसल काटकर रखी गई थी। आग की चपेट में आने से फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि, जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक फसल का काफी हिस्सा जलकर नष्ट हो चुका था। घटना के समय खेत में कुछ लोग फसल काट रहे थे, जिन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। फसल जलने से किसान नीरज पटेल को काफी नुकसान हुआ है। इस घटना के बाद किसान परेशान है और उसने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर उचित आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है, ताकि उसे हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी सावित्री अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रामलाल और देव सिंह अहिरवार ने उससे मारपीट की। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मथनेर निवासी देवेन्द्र रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विश्ववीर सिंह,धर्मेन्द्र, निरंजन सिंह, घनश्याम, नीरज व शिवराज रघुवंशी ने उससे मारपीट की। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से विश्ववीर सिंह रघुवंशी ने रिपोर्ट कराई की महेश, देवेन्द्र प्रदूमन, रमेश, गुडडीबाई और रिंकी रघुवंशी ने उससे मारपीट की। कचनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करैया राय निवासी राहुल जैन ने रिपोर्ट कराई कि शिवकुमार रघुवंशी ने उससे मारपीट की।

रोटरी क्लब के नेत्र शिविर में 112 मरीजों का इलाज, 34 ऑपरेशन के लिए चयनित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

रविवार को रोटरी क्लब अशोकनगर द्वारा श्री सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय लटेरी आनंदपुर के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन रोटरी भवन में किया। इस निःशुल्क नेत्र शिविर में सद्गुरु सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय के नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर अनीश शुक्ला एवं डॉक्टर शिव गणेश और टीम द्वारा 112 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 34 मरीज को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। साथ ही 70 मरीजों को शिविर में दवा वितरित की गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष विजय कुमार, वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली रोटरीयन अजीत कुमार जैन उपस्थित रहे। जिसमे रोटेरियन माधवसिंह रघुवंशी ने भोजन वितरण में सहयोग प्रदान किया।

महिला सुरक्षा के लिए अशोकनगर पुलिस की पहल की महिलाओं ने सराहना की

नवरात्रि के पहले दिन महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास, शक्ति दल का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नवरात्रि पर्व के प्रथम दिन महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं उनमें सुरक्षित वातावरण का विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से अशोकनगर पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई शक्ति दल की विशेष पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। शहर में पेट्रोलिंग के लिए निकले शक्ति दल का महिलाओं ने स्वागत किया तथा महिला सुरक्षा के लिए की गई इस पहल की सराहना की।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा की पहल पर गठित शक्ति दल का उद्देश्य नवरात्रि के दौरान प्रमुख धार्मिक स्थलों, गरबा पंडालों, बाजारों एवं महिलाओं की आवाजाही वाले प्रमुख स्थानों पर सतत निगरानी रखते हुए सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करना है। शक्ति दल की सक्रिय उपस्थिति से महिलाओं में सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत हुआ और उन्होंने पुलिस की इस पहल को सराहनीय बताया। नवरात्रि जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा अशोकनगर पुलिस की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से शक्ति दल द्वारा प्रमुख स्थानों पर सतत निगरानी एवं पेट्रोलिंग की जा रही है, ताकि महिलाएं निर्भय होकर धार्मिक आयोजनों में शामिल हो सकें और त्योहार का आनंद ले सकें।

भक्ताम्बर लेखन व सजाओ प्रतियोगिता में ज्योति ने किया देश में तृतीय स्थान प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली



आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य संत आचार्य निर्भयसागर महाराज के सानिध्य में आयोजित हुए 41 बार भक्ताम्बर लेखन व सजाओ प्रतियोगिता, जिसमे देश भर से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रतिभागी शामिल हुए। जिसमें मुंगावली की ज्योति जैन ने देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता की खासियत यह थी कि जिस डायरी में भक्तामर लिखा गया है। उस डायरी (फ़ाइल) को बहुत ही सुंदर तरह से सजाकर अलग-अलग प्रोजेक्ट बनाना थे और सुंदर से सुंदर राइटिंग में भी लिखना था। करीव दो माह पहले यह प्रतियोगिता शुरू हुई थी जिसका परिणाम आज फिरोजाबाद में विराजमान संत आचार्य निर्भय सागर महाराज संसघ के समक्ष निर्णायक मंडल व कमेटी ने अपना निर्णय दिया। जिसमे ज्योति राहुल जैन सराफ कोषाध्यक्ष ने तृतीय स्थान राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किया है। उन्हें पुरूस्कार स्वरूप में वाशिंग मशीन प्रदान की गई है, उनकी इस उपलब्धि पर समाज सहित अन्य लोगों ने बधाई देकर शुभकामनाएं प्रेषित की।

जसैया में गांजा की खेती पकड़ी, 31 किलो वजन के 19 हरे पौधे जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



बहादुरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जसैया में पुलिस ने अवैध गांजा की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने खेत से 31 किलो वजन के 19 हरे पौधे जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

बताया गया है कि पुलिस को सूचना मिली थी कि जसैया के हार में गांजे की खेती हो रही है। थाना प्रभारी नीलम सिंह यादव ने टीम के साथ दबिश देकर आरोपी नवल कटारिया उम्र 58 वर्ष निवासी जसैया को पकड़ा। जब्त गांजे की कीमत करीब 50 हजार आंकी गई है। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा लेकर मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिसकर्मियों ने 19 हरे-भरे गांजे के पौधे उखाड़े, जिनका कुल वजन 31 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने पौधों को जब्त कर खेत मालिक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने खेती करना स्वीकार किया है।

अशोकनगर पुलिस की कार्रवाई, स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया

अशोकनगर। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना देहात पुलिस ने धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरण में जारी स्थायी वारंट की तामीली करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना देहात पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दर्शन पिता हंसराज यादव, उम्र 47 वर्ष, निवासी बालाजी धाम कॉलोनी, अशोकनगर को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रकरण में स्थायी वारंट जारी था। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए वारंट की तामीली सुनिश्चित की।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक का किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर में अध्यरत छात्र-छात्राओं द्वारा सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सेवा स्मरण गतिविधि में नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड़ नाटक का शीर्षक सपनों का घर जो कि प्रधानमंत्री आवास योजना पर केंद्रित था। नाटक में छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अतिरिक्त अन्य सभी जन कल्याणकारी शासकीय योजनाओं के बारे में आकर्षक गीत के माध्यम से प्रस्तुतियां दी। इसमें किसान कल्याण योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, मध्यान भोजन, अटल पेंशन स्कीम उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन, स्टार्टअप मेक इन इंडिया सभी समाविष्ट थे। मनोरंजक फिल्मी गीतों का समावेश करके छात्र-छात्राओं ने उक्त प्रस्तुति को बहुत आकर्षक रूप से मंचन किया।

उन्नति का मूल मंत्र, सेवा और प्रेम है न की आज्ञा और बल प्रयोगः मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनिश्री निरंजन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीन दुःखी एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने में जो गौरव युक्त आनंद मिलता है, वह सभ्य समाज की दावतों में नहीं प्राप्त होता है। बिना उत्साह के कोई महान उपलब्धि कभी नहीं हुई है। उन्नति का मूल मंत्र, सेवा और प्रेम है न की आज्ञा और बल प्रयोग। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के प्रति सद्भाव पूर्ण उपकार शीघ्र ही फल देता है। कहते भी हैं-तलवार मारे एक बार, अहसान मारे बार-बार। तृण तुल्य भी उपकार क्यों न हो, इसके फल को समझने वाले उसे ताड़ के समान मानेंगे। जिनके हृदय में सदैव परोपकार की भावना रहती है उनकी आपदायें समाप्त हो जाती है और पग-पग पर सुख की प्राप्ति होती है। करुणा करने वालों का शरीर परोपकार से शोभा पाता है, चन्दन से नहीं। परोपकार के लिये मरने का सौभाग्य तो संस्कारवान को ही प्राप्त होता है। जो दूसरों की भलाई करना चाहता है, उसने अपना भला तो कर ही लिया है। भलाई करना कत्तव्य नहीं आनंद है, क्योंकि वह तुम्हारे स्वास्थ्य और सुख में वृद्धि करता है। जो आपके साथ भलाई करता है, वह आपको भला होना सिखा देता है। करुणा से आद्र हृदय वाले व्यक्ति सभी के अकारण बन्धु होते हैं। अवसर पर जो उपकार किया जाता है, वह देखने में छोटा भले ही हो परन्तु जगत में सबसे महान है।

ढोढर में मनी अग्रसेन जयंती,चल समारोह निकाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर कस्बे में अग्रवाल समाज के द्वारा रविवार को अपने आराध्य अग्रसेन जी महाराज का जयंती पर्व धूमधाम के साथ मनाया। अग्रसेन जी महाराज का विधिवत पूजा अर्चना किए जाने के बाद अग्रवाल समाज के द्वारा चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में समाज के लोगो ने उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। गाजेबाजे के साथ निकला यह चल समारोह गिर्राज जी मंदिर, मिडिल स्कूल, सब्जी मंडी, पुराना बाजार, बगदिया तिराहा, अनाज मंडी, श्रीजी मंदिर, पुराना बाजार होते हुए अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। जहां सहभोज का आयोजन किया गया।

जिसमें समाज के लोगो ने परिवारपहुंचा शाम को प्रतिभोज हुआ। इस दौरान ग्राम पंचायत ढोढर के सरपंच नारायण प्रसाद गोयल, अग्रवाल समाज अध्यक्ष जितेंद्र गोयल पिंटू, महामंत्री रामू गर्ग, देवेंद्र गर्ग, भरोसी लाल गर्ग, रवि गोयल, नारायण लाल गर्ग, गिर्राज प्रसाद मित्तल, देवी शंकर गोयल, रमेश चंद, शकुन गोयल, त्रिलोक गोयल, दिनेश गोयल, मोहन बाबू गोयल गिर्राज प्रसाद गोयल, कैलाश मित्तल, संजय मित्तल, महावीर गोयल, अनिल गर्ग, मुकेश सिंघल, रिंकू गोयल, गोविंद गोयल, कमलेश गोयल, भास्कर गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

बीरपुर कस्बे में निकाली शोभायात्रा



बीरपुर कस्बे में भी रविवार को महाराजा अग्रसेन जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिससे पूरे नगर में उत्साह, उमंग और भक्ति का माहौल निर्मित हो गया। ढोल-नगाड़ों के साथ सेंकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए अग्र बन्धुओ का नगर में दूसरे सम्प्रदाय जाति के लोगों ने भी पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

ग्वालियर में आयोजित सात दिवसीय शिविर में महक ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली

राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत ग्वालियर में आयोजित सात दिवसीय शिविर में शासकीय गणेश शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय, मुंगावली की बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा महक पटेल ने सक्रिय सहभागिता कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। शिविर के दौरान महक पटेल ने सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, जनसेवा एवं सामुदायिक सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।



उनकी सक्रियता, अनुशासन और सेवाभाव की सराहना की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी करण राजपूत ने महक को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का माध्यम है।

गुराड़िया गांव में पति द्वारा की गई पत्नी की जघन्य हत्या का मामला

पत्नी को कुल्हाड़ी से काट 100 किमी भागा पति, खाया जहर, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



कोतवाली थानाक्षेत्र के गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या कर भागने वाला पति पकड़ा गया है। नास्तिकता के चलते की गई पत्नी की हत्या का दोषी पति करीब 100 किमी भागते-भागते राजस्थान के रास्ते सेमलाजोड़ पहुंचा। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके चलते वो बदहवाश होकर गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। आरोपी का इलाज फिलहाल जिला अस्पताल में चल रहा है। आपको बता दें कि गुराड़िया गांव में शनिवार सुबह गायत्रीबाई गुर्जर की उसके ही पति रामबाबू ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी थी।

दरअसल, भगवान को नहीं मानता था और इसी बात पर उसका पत्नी गायत्रीबाई से अक्सर विवाद और झगड़ा होता रहता था। शनिवार को यह झगड़ा इतना बढ़ा कि रामबाबू ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर दस से ज्यादा वार किए और मृत पत्नी को घर में छोड़कर भाग निकला।

सेमलापार जोड़ पहुंचकर खाया जहर

हत्या के बाद इधर, कोतवाली पुलिस तफ्तीश करते हुए रामबाबू की तलाश कर रही थी और वो भागकर पिपलोदी राजस्थान आदि रास्ते से होकर भोजपुर क्षेत्र के सेमलापार जोड़ पहुंच गया। यहां उसने कोई जहरीला पदार्थ गटक लिया और वहीं बदहवाश होकर गिर गया। इस बात की सूचना भोजपुर पुलिस को मिलने पर पहले रामबाबू को खिलचीपुर अस्पताल लाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसका इलाज जारी है।

नास्तिक था हत्यारा पति

मृतका के मायके पक्ष के लोगों के अनुसार उनकी बेटी गायत्री बाई का पति रामबाबू नास्तिक था। वो ईश्वर में भरोसा नहीं करता था। इसके चलते पति-पत्नी में अक्सर विवाद होता रहता था। नास्तिकता के चलते हुए इस विवाद की परिणिति शनिवार को हत्या के रूप के सामने आई थी। दरअसल, हत्यारा पति रामबाबू संत रामपाल का अनुयायी था। वो पत्नी को बाध्य करता था कि वह भी संत की अनुयायी बने लेकिन मृतका पत्नी ईश्वर भक्त थी और उसने संत रामपाल को मानने से पूरी तरह इनकार कर दिया था। बस, यही इनकार हत्या की जड़ के रूप में सामने आया है।

आठ घंटे इसलिए गांव में ही पड़ा रहा था मृतका का शव

जघन्य हत्या के इस मामले में कोतवाली पुलिस भलेही तुरंत मौके पर पहुंच चुकी थी लेकिन शव आठ घंटे तक घटनास्थल पर ही पड़ा रहा था। दरअसल, राजगढ़ मुख्यालय पर एसएफएल अधिकारी का पद अर्से से रिक्त है। विदिशा जिले से उन्हें राजगढ़ आने और फिर घटनास्थल पर अन्य आवश्यक जांच-पड़ताल करने में इतना समय व्यतीत हो गया कि शव का पोस्टमार्टम आठ घंटे बाद हो पाया था।

रास्ते में बैटरी डिस्चार्ज होने से फंसे दिव्यांग तीर्थयात्री पुलिस ने उन्हें सुरक्षित पहुंचाया

कामखेड़ा बालाजी के दर्शन करने जा रहे थे दिव्यांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राजगढ़ जिला पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ साथ सामुदायिक पुलिसिंग और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश कर रही है। इसी कड़ी में थाना कालीपीठ पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बीच रास्ते में फंसे दिव्यांग तीर्थयात्रियों की मदद कर उन्हें सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है।

दरअसल, दिव्यांग श्रद्धालु अपनी बैटरी चालित ट्राइसाइकिल से प्रसिद्ध धाम कामखेड़ा बालाजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक उनकी साइकिल की बैटरी डिस्चार्ज हो गई, जिससे वे आगे बढ़ने में पूरी तरह असमर्थ हो गए। रात का अंधेरा और सुनसान रास्ता होने के कारण वे बुरी तरह परेशान हो रहे थे। तभी रात्रि गश्त कर रहे थाना कालीपीठ पुलिस जवानों की नजर इन बेबस तीर्थयात्रियों पर पड़ी। जवानों ने तुरंत वाहन रोककर उनकी परेशानी जानी और संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराई। पुलिस कर्मियों ने यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने का मुकम्मल प्रबंध किया, जिससे उन्हें राहत मिली और तीर्थयात्रा में आई बाधा दूर हुई।

इन पुलिसकर्मियों ने निभाई अहम भूमिका

दिव्यांग तीर्थयात्रियों की इस मानवीय मदद में प्रधान आरक्षक माखन सिंह, प्रधान आरक्षक चेतन सिंह, आरक्षक 856 प्रशांत शर्मा तथा डायल- चालक सुनील यादव की विशेष और सराहनीय भूमिका रही। पुलिस का यह कार्य दर्शाता है कि खाकी केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि संकट के समय सेवा और संबल का भी प्रतीक है।

3 माह पहले निकाली सीसी सड़क की राशि



ग्यारसपुर। ग्राम पंचायत दीघोरा के ग्राम करैया में सीसी सड़क निर्माण के नाम पर राशि निकालने के बावजूद काम नहीं होने का मामला सामने आया है। 15वें वित्त आयोग की राशि से मंदिर से श्मशान घाट की ओर 100 मीटर सड़क बनाई जानी थी। इसके लिए करीब दो लाख रुपए से अधिक की राशि जून में निकाल ली गई, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। ग्रामीण हिम्मत सिंह किरार ने बताया कि उन्होंने 10 सितंबर को सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीण अजब सिंह किरार के अनुसार, शिकायत के बाद दो दिन पहले पंचायत ने सड़क निर्माण के लिए गिट्टी और चूरी की दो से तीन ट्रॉली डलवाई है। पंचायत सचिव प्रताप सिंह रघुवंशी ने बताया कि उन्होंने सितंबर में पंचायत का प्रभार संभाला है। राशि उनसे पहले के सचिव और सरपंच के कार्यकाल में निकाली गई थी।

10 दिन पहले सस्पेंड हुई थी

सीएमएचओ के रिक्त पद की पूर्ति के लिए कलेक्टर को लिखा पत्र



राजगढ़। नरसिंहगढ़ क्षेत्र में पदस्थ एक महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के 8 माह बाद भी जारी होते रहे वेतन मामले में राजगढ़ सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल को बीते दिनों सस्पेंड कर दिया गया था। मामले में लापरवाही बरते जाने पर सीएमएचओ दफ्तर के लेखापाल भी निलंबित हुए थे।

सीएमएचओ डॉ. पटेल के निलंबन के 10 दिनों बाद भी यह पद रिक्त पड़ा हुआ है जिसके चलते जिला अस्पताल की अनेकों व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में सीएमएचओ का दायित्व जिम्मेदार अधिकारी को देने पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख है कि सीएमएचओ अपने सस्पेंशन के अगेंस्ट न्यायालय से स्टे भी ला सकती हैं। चूंकि, उन्हें लोकायुक्त कार्यवाही में भी 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा जा चुका है ऐसे में उनका पुनः जिले में आना उचित नहीं है। ऐसे में पूर्व विधायक तंवर ने डीएच की व्यवस्थाओं के मद्देनजर यह दायित्व योग्य और प्रशासनिक रूप से कुशल चिकित्सक को देने का अनुरोध किया है।

आयुक्त ने किया था निलंबन

आपको बता दें कि विभाग में आर्थिक अनियमितताओं को लेकर हुई जांच उपरांत लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त धनराजू एस. ने सीएमएचओ डॉ. पटेल को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया था। इस आदेश के पूर्व सीएमएचओ को लाभ पहुंचाने जानबूझकर की गई त्रुटि के लिए लोकायुक्त ने भी आयुक्त को नोटिस जारी किया था।

नवरात्रि और दशहरे पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

गरबा पंडालों, झांकियों के दौरान यातायात और बिजली व्यवस्था बनाए रखने पर विचार-विमर्श किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर में नवरात्रि महोत्सव, घट स्थापना और दशहरे पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।



बैठक में नवागत नायब तहसीलदार रामवीर सिंह मीणा ने नगर के गणमान्य नागरिकों से परिचय प्राप्त कर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। बैठक में थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नागरिकों से सुझाव लिए। गरबा पंडालों, झांकियों और दशहरे के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान नागरिकों ने नगर में बुलेट मोटरसाइकिल चालकों द्वारा पटाखों जैसी तेज आवाज निकालने और तेज गति से वाहन चलाने की शिकायत उठाई। इस पर थाना प्रभारी ने संबंधित वाहन चालकों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कही। नगर परिषद की व्यवस्थाओं को लेकर सीएमओ देवेंद्र वत्स से चर्चा की गई। पर्व के दौरान साफ-सफाई सहित आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही गई, जिस पर उन्होंने समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। वहीं, नवरात्रि महोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के लिए विद्युत मंडल के कनिष्ठ यंत्री मनोज वर्मा और लाइनमैन मुन्नालाल से आवश्यक व्यवस्था करने की बात कही गई।

बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमिता मंडलोई, वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद मारू, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि मदन पटेल, रोडूराम पहलवान, प्रेम नारायण सोनी, दयाराम राठौर, प्रकाश सोनी, दिनेश सोनी, यूनुस भाई, सुलेमान भाई सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में मातृगोष्ठी

बच्चों के जीवन में माता की भूमिका संस्कारों का महत्व बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



सरस्वती विद्या मंदिर, सारंगपुर में मातृगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं को विद्यालय की शैक्षणिक एवं संस्कारमय गतिविधियों से जोड़ना तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वर्षा जाटव एवं प्रिया बृजवासी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बन्नासिया ने माताओं को संबोधित करते हुए बच्चों के जीवन में माता की भूमिका, संस्कारों के महत्व तथा परिवार और विद्यालय के समन्वय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में माता-पिता एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें।अतिथियों का स्वागत छाया जोशी एवं दीक्षा राठौर ने किया। अतिथि परिचय वंदना गौड़ ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन पूजा तिवारी ने किया तथा कार्यक्रम की प्रभारी मोनिका शर्मा रहीं। कार्यक्रम में मातृशक्ति की सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया। मातृगोष्ठी के माध्यम से विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच संवाद और सहयोग को मजबूत करने का प्रयास किया गया।

गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध पर कार्यशाला आयोजित की

जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स के नुकसान बताए, कोई भी नशा न करने दिलवाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग एवं उन्नति फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से 2 से 8 अक्टूबर तक नशामुक्ति सप्ताह का आयोजन रखा गया। अंतिम दिवस गंज स्कूल स्थित पुस्तकालय में मद्य निषेध अंतर्गत कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी तरह मादक पदार्थ जैसे जर्दा, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, गांजा, अफीम, ड्रग्स का सेवन जीवन बर्बाद कर देता है।

इस दौरान नशा किस तरह छोड़ा जा सकता है उस पर भी कार्यशाला में चर्चा करते हुए नशामुक्ति के उपाय बताए गए। विद्यार्थियों ने आश्वासन दिया कि नशामुक्ति की पहल वे अपने घर से करते हुए नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे। अंत में सभी को शपथ दिलवाई गई कि वे जीवन में कभी किसी तरह का नशा नहीं करेंगे। इस अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी आशीष कौशिक, संस्था प्रबंधक बरखा दांगी, जिला समन्वयक कालूसिंह सिसौदिया, टीम सदस्य प्रियंका जाटव सहित अन्य उपस्थित रहे।

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन निकाली यात्रा मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई, शक्तिपीठ पर समाप्त

साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा का आयोजन करता आ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



मां कर्मादेवी की प्रेरणा से नगर का साहू समाज हर वर्ष जालपा धाम तक ध्वज यात्रा आयोजन करता आ रहा था। इसी कड़ी में शारदेय नवरात्र के प्रथम दिन समाज के महिला, पुरुषों ने आरंभ की। मां कर्मादेवी मंदिर से आरंभ हुई यह यात्रा शक्तिपीठ पहुंचकर समाप्त हुई। साहू समाज के नगर अध्यक्ष कमलेश साहू ने बताया कि समाज द्वारा अनवरत 4 सालों से इस ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा का उद्देश्य न केवल समाज बल्कि संपूर्ण राजगढ़ नगर और जिले की सुख, शांति, समृद्धि की कामना रहता है।

छह वर्षों से निशुल्क जल सेवा

उल्लेखनीय है समाज द्वारा बीते छह सालों से जालपा धाम के रास्ते में कहीं एक स्थान पर निशुल्क शीतल जल सेवा भी करवाई जा रही है। यह सेवा नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक रहती है।

मंदिर पर लगवाए गए हैं अतिरिक्त सीसीटीवी

उधर, पुलिस प्रशासन द्वारा भी मंदिर परिसर के अलग-अलग स्थानों पर सीसीटीवी स्थापित करवाए गए हैं। इन सीसीटीवी का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाए रखना है। इसके साथ ही सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस स्टाफ भी परिसर में तैनात करवाया गया है।

नवरात्रि में गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन



विदिशा। ज्ञापन देकर सनातन धर्म रक्षा परिषद ने जताया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सनातन धर्म रक्षा परिषद ने सार्वजनिक और निजी उद्यानों में व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

परिषद के संस्थापक धर्माधिकारी पं. जितेंद्र शास्त्री ने कहा कि गरबा देवी आराधना का पवित्र पारंपरिक उत्सव है। इसकी धार्मिक गरिमा बनाए रखने के लिए टिकट-पास आधारित आयोजनों पर रोक लगाने के साथ पहचान पत्रों का सत्यापन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिला अध्यक्ष कृष्णा कुशवाह ने स्पष्ट किया कि परिषद गरबा उत्सव के विरोध में नहीं, बल्कि धार्मिक मर्यादाओं के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के विरुद्ध है।

ऋषभ ने हासिल किया दूसरा स्थान, हेमेंद्र और सुमित को भी पुरस्कार

शमशाबाद। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय लटेरी में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र ऋषभ कुशवाह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि हेमेंद्र राजपूत चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं सुमित केवट को भी पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ज्ञान, तार्किक क्षमता और विषयों की समझ के आधार पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया। प्राचार्य आशीष सक्सेना ने छात्रों को बधाई दी।

यात्रा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर बैठक में किया विचार

17 को नवरात्रि की सप्तमी पर निकालेंगे चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

लगातार 16 वर्षों से क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम तक निकाली जा रही चुनरी यात्रा इस बार 17 अक्टूबर सप्तमी तिथि को निकाली जाएगी। उक्त यात्रा के सुचारू संचालन, तैयारियों समेत समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं बनाने आयोजन समिति द्वारा रविवार दोपहर स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में तय किया कि चिलचिलाती धूप के दृष्टिगत इस वर्ष भी राजमहल परिसर से जालपा माता धाम तक करीब 6 किमी के रास्ते में कारपेट बिछवाया जाएगा ताकि नंगे पैर चलने वाले भक्तों के पैर न जलें। इसके साथ ही राजमहल परिसर में पहले चुनरी की पूजा-अर्चना की जाएगी एवं तदुपरांत यात्रा आरंभ होगी। यात्रा आयोजन के लिए अर्थ जुटाने समिति द्वारा आमजनों के लिए क्यूआर कोड सार्वजनिक किया जाएगा। श्रद्धालु भक्तगण अपनी श्रद्धानुसार सहयोग कर सकेंगे।

समितियां, सामाजिक संस्थाएं कर सकती हैं सहयोग

इस यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं। ऐसे में छह किमी के रास्ते के दरम्यान कोई भी समिति, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन, निजी व्यक्ति अपने-अपने स्तर से शीतल जल, फलहारी प्रसाद व भक्तों के लिए अन्य व्यवस्थाएं कर सकेंगे।

